अमर उजाला
19-02-2026

कथा वाचन स्पर्धा में गौरव भारद्वाज प्रथम

स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती छात्रा। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों की कहानी-वाचन शैली और भाव-प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में एमकॉम प्रथम वर्ष के छात्र गौरव भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र कुलविंदर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन कौर ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी कहानी-वाचन शैली से सभी का मन मोह लिया। सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को न केवल भाषा और साहित्यिक कौशल में प्रवीण बनाती हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक, नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने का अवसर भी प्रदान करती हैं।